महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांकः एम.जे.पी.रू.वि. / कु.स.का. / 2023 / 259 दिनांकः 18.03.2023

सेवा में,

1. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / निदेशक
विश्वविद्यालय परिसर।

2. प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक / सचिव
समस्त सम्बद्ध एवं संघटक महाविद्यालय।

विषयः **विश्व क्षय रोग दिवस (World Tuberculosis Day) दिनांक 24.03.2023 को क्षयरोग उन्मूलन हेतु सभी राज्य विश्वविद्यालयों / संस्थानों में निक्षय–दिवस के रूप में मनाये जाने विषयक।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक श्री राज्यपाल / कुलाधिपति की प्रमुख सचिव, राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्रांक संख्या– 1656 / 32–जी0एस0 / 2023–(XIII) का दिनांक 17 मार्च, 2023 के परिप्रेक्ष्य में अवगत कराना है कि राजभवन सहित प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों / संस्थानों व उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों में दिनांक 24.03.2023 को विश्व क्षय रोग दिवस को "निक्षय दिवस" के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। जिन गॉवों एवं उनमें रहने वाले क्षय रोगियों को विश्वविद्यालय / महाविद्यालयों द्वारा गोद लिया गया है, उन गॉवों में शासन के सहयोग से 'निक्षय मित्र' बनाकर विश्वविद्यालय / महाविद्यालयों की ओर से इस अवसर पर क्षय रोगियों को एक "पोषण पोटली" वितरित की जानी है, जिसमें भुना चना, गुड, मूँगफली, चिक्की, सत्तू, पौष्टिक बिस्किट और अन्य आवश्यक पोषक सामग्री शामिल है।

उपरोक्त के सम्बन्ध में दिनांक 24.03.2023 को विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर तद्नुसार अपने विभाग एवं महाविद्यालयों में "निक्षय दिवस" के रूप में उपरोक्तानुसार कार्यक्रम आयोजित करने का कष्ट करें एवं कृत कार्यवाही की आख्या ईमेल आईडी0 profrohilkhand@gmail.com पर प्रेषित करने का कष्ट करें, जिसे संकलित कर विस्तृत आख्या राज्यपाल सचिवालय को ससमय प्रेषित की जा सके।

टी0बी0 मरीजों को पोषण पोटली वितरण करने में अपना योगदान देने के सम्बन्ध में डा0 अमित वर्मा, संचालक, टी0बी0 न्यूट्रीशनल सेल, महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली (मो0 नं0 7017763889) से सम्पर्क कर सकते है।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. डा0 अमित वर्मा, संचालक, टी0बी0 न्यूट्रीशनल सेल, महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली को उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. सहायक कुलसचिव, प्रशासन।
3. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
4. श्री रविन्द्र कुमार गौतम, वेबसाइट प्रभारी।

कुलसचिव